चंपावत में बनेगा राज्य का तीसरा साइंस सेंटर

चर्चा में क्यों?

30 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी देहरादून और अल्मोड़ा ज़िले के बाद अब जल्द ही चंपावत ज़िला मुख्यालय में राज्य के तीसरे साइंस सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- साइंस सेंटर के निर्माण संबंधी मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के बाद राजस्व विभाग की ओर से चंपावत में साइंस सेंटर के निर्माण के लिये गोड़ी मार्ग पर 98 नाली ज़मीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है।
- लोक निर्माण विभाग की ओर से साइंस सेंटर के निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिये राज्य योजना में 35 लाख रुपए आवंटित किये गए हैं। डीपीआर बनाने के लिये दिल्ली की माथुर एंड कापरे एजेंसी को चयनित किया गया है।
- ज़िले में साइंस सेंटर का निर्माण होने से चंपावत के साथ ही ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ ज़िले के छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवाओं को लाभ मिलेगा।
- मुख्यालय में प्रस्तावित साइंस सेंटर में खगोल विज्ञान की जानकारी के लिये तारामंडल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा ऑडिटोरियम, इनोवेशन हट, ओवन पार्क का निर्माण भी होगा। साइंस सेंटर में कई वैज्ञानिक गतिविधियाँ होंगी। सेंटर में साइंस पार्क के साथ ही फन साइंस और थीम बेस्ड गैलरी भी बनाई जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-third-science-centre-will-be-built-in-champawat